— प्रेस नोट —

दिनांक-06.02.2021

जनपद मीरजापुर।

थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा 60-60 ग्राम नशीले पाउडर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार —

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व मादक पदार्थो के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा 60-60 ग्राम नशीले पाउडर(डायजापाम) के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 05.02.2021 को उ0नि0 चन्द्रकान्त तिवारी हमराह का0 संतोष के साथ क्षेत्र की देखभाल एवं रात्रि गश्त में मामूर थे कि इसी दौरान जनपदीय चिकित्सालय के पास से अभियुक्त 1-विमल भारती उर्फ छांगुर पुत्र स्व0 नान्हक निवासी घुरहुपट्टी थाना कोतवाली शहर मीरजापुर, 2-नूर बाबू पुत्र स्व0 नूर मोहम्मद निवासी गोरियान मस्जिद के सामने रमईपट्टी थाना कोतवाली शहर मीरजापुर को 60-60 ग्राम नशीले पाउडर(डायजापाम) कुल 120 ग्राम के साथ समय 20.00 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली शहर पर एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर, गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।